मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 29] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 18 जुलाई 2014-आषाढ़ 27, शके 1936

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

उपनाम परिवर्तन

मैं, पूर्व में अपना नाम शैलेन्द्र कुमार अहिरवार लिखता था. जिसमें अब मैंने अपना सरनेम सिंह कर लिया है, अब मुझे शैलेन्द्र कुमार सिंह के नाम से जाना जाये व पहचाना जावे एवं समस्त शासकीय, निजी व कानूनी पत्र व्यवहार में सम्बोधित किया जावें.

पुराना नाम :
(शैलेन्द्र कुमार अहिरवार)

नया नाम :
(शैलेन्द्र कुमार सिंह)
आत्मज श्री बारेलाल अहिरवार,
बी-230, वैष्णव अपार्टमेंट,
डी-ब्लॉक, सुरेन्द्र पैलेस, भोपाल.

(195-बी.)

CHANGE OF NAME

I, Nitin Girdonia son of Shri R. K. Girdonia Employed as Assistant Engineer (Cc) in office of the Executive Engineer (Testing) Madhya Pradesh Power Transmission Company Limited, Civil Lines, Khandwa residing at 16, Professor Colony, Khandwa have changed the name of minor daughter hitherto konwn as Mansavi aged 17 Years and she shall hereafter be known as MANSVI for the purpose of correction of wrong entries occurred in School Records due to parental mistake.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

Nitin Girdonia (Father)
Manju (Mother)

(164-B.)

नाम परिवर्तन

मेरा पूर्व नाम संकेत सिंह चौहान था, जिसे बदलकर अभिमन्यु सिंह चौहान हो गया है. अत: मुझे अभिमन्यु सिंह चौहान के नाम से जाना एवं पहचाना जावे.

पुराना नाम :
(संकेत सिंह चौहान)

नया नाम :
(अभिमन्यु सिंह चौहान)
पता-109/23, शिवाजी नगर,
भोपाल (म.प्र.).

(163-बी.)

CHANGE IN NAME

I, SUJATA TRIVEDI here by declare that after marriage. I have change my name as SUJATA AGRAWAL W/o SHARAD AGRAWAL. So, from now and in future I will be known by my new name.

Old Name :
(SUJATA TRIVEDI)

New Name :
(SUJATA AGRAWAL)
W/o Sharad Agrawal,
Add—303, Prime View Appt. 74-75,
Baikunthdham Colony,
Indore (M.P.).

(186-B.)

नाम परिवर्तन

मैं, हर्ष ने अपना नाम परिवर्तन कर हर्ष पटेल कर लिया है. अब से मुझे इसी नाम से जाना जाए.

पुराना नाम :
(हर्ष)

नया नाम :
(हर्ष पटेल)
पता—316, कंचन विहार अपार्टमेन्ट,
कंचन बाग, इन्दौर (म. प्र.).

(187-बी.)

उपनाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी पुत्री का सही नाम साक्षी मूंदडा है जबकि उसके स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम साक्षी माहेश्वरी लिखा गया है जो कि गलत है और त्रुटीवश लिखा गया है. अत: अब उसे स्कूल सहित सभी जगह पर एक समान साक्षी मूंदडा नाम से लिखा पढ़ा जावे.

संजय मूंदडा (पिता)
113-114, अनूप नगर, (म.प्र.).

(190-बी.)

उपनाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम सुरेश कुमार था. जिसमें मैंने अपना उपनाम जोड़कर सुरेश कुमार धनिया कर लिया है. अब मुझे सुरेश कुमार धनिया नाम से लिखा-पढ़ा जावे.

पुराना नाम :
(सुरेश कुमार)

नया नाम :
(सुरेश कुमार धनिया)
सुप्रीम प्लाजा, सिविल लाइन थाने के सामने,
सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.).

(189-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं श्रीमती कीर्ति अग्रवाल पत्नी श्री राजेश अग्रवाल शपथ करती हूँ कि मेरी मार्कशीट में मेरा नाम कुमारी कीर्ति भार्गव पुत्री श्री मनोहर लाल भार्गव, पता विरला नगर, तानसेन रोड़, ग्वालियर है. जो कि अब शादी के बाद मेरा नाम श्रीमती कीर्ति अग्रवाल पत्नी राजेश अग्रवाल हो गया है. अत: अब भविष्य में मुझे मेरे नए नाम से जाना-पहचाना जावे. समस्त सूचित हों.

शपथकर्ता—श्रीमती कीर्ति अग्रवाल पत्नी श्री राजेश अग्रवाल.

पुराना नाम :
(कुमारी कीर्ति भार्गव)

नया नाम :
(कीर्ति अग्रवाल)
पत्नी श्री राजेश अग्रवाल,
पता-टी. यू.-14, इंडस सेटेलाइट ग्रीन्स,
एम. आर.-12, लासुडिया चौकी,
विजय नगर, इन्दौर.

(193-बी.)

स्थान परिवर्तन सूचना

सर्व-साधारण को यह सूचित किया जाता है कि मे. विजय स्टील कार्पोरेशन जिसका पूर्व में पता-203, प्रिसेंस सेन्टर 6/3, न्यू पलासिया, इन्दौर, म. प्र. था, का नया पता ई. डी. 102, सेक्टर-डी, स्कीम नं. 94, इन्दौर, म. प्र. हो गया है. वह दिनांक 1 अप्रैल, 2014 से प्रभावशील है. अगर किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिवस में नये पते पर सूचित करें.

मे. विजय स्टील कार्पोरेशन,
मोहन साहनी,
भागीदार.

(188-बी.)

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 की धारा-72 अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि फर्म ओम फूड इंडस्ट्रीज का फर्म के रजिस्ट्रार में क्रमांक 60 वर्ष 2003 दिनांक 21-07-2003 में लिया गया है. जिसका पता एलयूएन शेड नं. 8, सेक्टर-I, गोविंदपुरा, भोपाल.

किन्तु दिनांक 26-05-14 को उपरोक्त भागीदारी का सभी भागीदारों द्वारा फर्म को स्वेच्छा से भंग कर दिया है एवं यह भी तय किया है कि उक्त फर्म की प्रोपाईटर रूपा आर्या रहेंगी इसके लिये किसी भी वर्तमान पार्टनर को कोई भी आपत्ति नहीं है.

भवदीय : वास्ते
फर्म का नाम-ओम फूड इंडस्ट्रीज,
रूपा आर्या
(प्रोपराइटर).

(191-बी.)

आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मैसर्स मुस्कान इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड डवलपर्स स्थित 15, चाचौड़ा रोड, बीनागंज, जिला गुना, म. प्र. में दिनांक 21-03-2012 को भागीदार बावूलाल घोसी पुत्र श्री जवाहरलाल घोसी, निवासी चाचौड़ा रोड, गुना अपनी स्वेच्छा से फर्म से पृथक हो गये हैं एवं इसी दिनांक से मनोज कुमार मीना पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण मीना, निवासी चाचौड़ा रोड, गुना एवं धर्मेन्द्र सिंह मीना पुत्र श्री भीधाराम मीना, निवासी ग्राम चुलवारकापुरा, पो. वधरेटा, तहसील कैलारस, जिला मुरैना फर्म में सम्मिलित हो गये हैं. आमजन एवं सर्वजन सूचित हों.

अनिरुद्ध सिंह मीना,
फर्म-मुस्कान इन्फ्रास्ट्रक्चर एण्ड डवलपर्स
15, चाचौड़ा रोड, बीनागंज, जिला गुना (म. प्र.).
द्वारा-अमित सौगानी (एडवोकेट)
सौगानी एण्ड कम्पनी, नयापुरा, गुना (म. प्र.).

(192-बी.)

जाहिर सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि मे. पटेरिया इंटरप्राइजेस यह एक भागीदारी फर्म होकर इसके वर्तमान भागीदार श्री केशव हीरालालजी पटेरिया एवं श्री गौरव पिता केशव पटेरिया यह हैं. सदर फर्म भू-खण्ड क्रमांक 182 सेक्टर 1, इण्डस्ट्रीयल एरिया, पीथमपुर, जिला धार (म. प्र.) पर अपना व्यवसाय संचालित कर रही है. सदर भागीदारी फर्म से मूलत: श्रीमती सरजूबाई हीरालाल पटेरिया, श्री केशव हीरालाल पटेरिया तथा श्री मुकेश हीरालाल पटेरिया यह भागीदार थे. सदर फर्म का गठन रजिस्टार ऑफ फर्म्स के तहत दिनांक 20-03-1985 को किया हुआ रहा है. श्रीमती सरजूबाई पटेरिया की मृत्यु पश्चात् श्री केशव पटेरिया तथा श्री मुकेश पटेरिया यह भागीदार बने. कालांतर में श्री मुकेश पटेरिया द्वारा फर्म के भागीदार के हैसियत से अपना नाम वापस लेने के उपरांत वर्तमान में श्री केशव पटेरिया एवं श्री गौरव पटेरिया सदर फर्म के भागीदार है. श्री मुकेश पटेरिया का अब सदर फर्म से किसी प्रकार का कोई संबंध रहा नहीं है तथा फर्म के किसी भी गतिविधि आदि के लिए मुकेश पटेरिया उत्तरदायी नहीं रहेंगे. फर्म की समस्त गतिविधियां वर्तमान भागीदार श्री केशव पटेरिया एवं श्री गौरव पटेरिया द्वारा ही संचालित की जा रही है तथा भविष्य में की जावेगी. संवैधानिक रूप से सदर फर्म की ओर से श्री केशव पटेरिया ही वित्तीय संस्थान बैंक सहकारी तथा अर्ध सरकारी कार्यालय आदि सभी जगहों पर हस्ताक्षर करने हेतु अधिकृत रहेंगे.

For : PATERIA ENTERPRISES

केशव हीरालाल पटेरिया

पार्टनर,

(194-बी.)

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय रजिस्ट्रार, पब्लिक ट्रस्ट, इन्दौर

(फॉर्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

श्री श्री रेणुकामाता स्थान धार्मिक, शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट, कार्यालय पता—21/1, बीजासन कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर की ओर से आचार्य श्री प्रवीण शरद पानसे, निवासी—21, बीजासन कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड़, इन्दौर द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	श्री श्री रेणुकामाता स्थान धार्मिक, शैक्षणिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट.
कार्यालय पता	:	21/1, बीजासन कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड़, इन्दौर
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	रु. 5,000/- (अक्षरी रुपये पाँच हजार मात्र).

आज दिनांक 24 मई, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(582)

(फॉर्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामनरेशाचार्य जी महाराज धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास, कार्यालय पता—10, नवरतन बाग, इंदौर, मध्यप्रदेश की ओर से श्री मुकेश यादव पता—392/17, नंदा नगर, इंदौर, मध्यप्रदेश द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	जगतगुरू रामानंदाचार्य स्वामी श्री रामनरेशाचार्य जी महाराज धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास.
कार्यालय पता	:	10, नवरतन बाग, इंदौर, मध्यप्रदेश
अचल सम्पत्ति	:	35/1, नंदा नगर, मेनरोड स्थित मकान कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफीट जिस पर दो मंजिल मकान बना है. अनुमानित कीमत 9,73,500/- (अक्षरी रुपये नौ लाख-तिहेत्तर हजार पाँच सौ मात्र).
चल सम्पत्ति	:	रु. 11,000/- (अक्षरी रुपये ग्यारह हजार मात्र).

आज दिनांक 24 मई, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(582-A)

(फॉर्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

हजरत नफीज मिया नक्शबंदी चेरीटेबल ट्रस्ट, कार्यालय पता—75, इल्यास कॉलोनी, खजराना, इंदौर की ओर से आचार्य श्री हयात उल्ला पिता हजरत नफीस अहमद, निवासी—75, इल्यास कॉलोनी, खजराना, इंदौर द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	हजरत नफीज मिया नक्शबंदी चेरीटेबल ट्रस्ट,
कार्यालय पता	:	75, इल्यास कॉलोनी, खजराना, इंदौर.
अचल सम्पत्ति	:	निरंक.
चल सम्पत्ति	:	रु. 5,000/- (अक्षरी रुपये पाँच हजार मात्र).

आज दिनांक 28 मई, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

(582-B)

(फॉर्म-चार)

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (तीस) (95) की धारा-5 (2) व मध्यप्रदेश ट्रस्ट नियम, 1963 नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

गेंदीबाई अग्रवाल ट्रस्ट, कार्यालय पुराना 9 नया 162, रानीपुरा, इंदौर, मध्यप्रदेश की ओर से श्री गोपालदास पिता रतनलाल अग्रवाल, निवासी--16, स्नेहलतागंज, इंदौर द्वारा पब्लिक ट्रस्ट एक्ट की धारा-4 के अन्तर्गत पब्लिक ट्रस्ट के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है.

अत: सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त ट्रस्ट एवं उसकी सम्पत्ति जिसका विवरण नीचे परिशिष्ट में दिया गया है, के सम्बन्ध में आपत्ति अथवा दावा पेश करना चाहे तो वह नोटिस के राजपत्र में प्रकाशन की दिनांक से एक माह अर्थात् (30 दिन) के अंदर इस न्यायालय में न्यायालयीन दिवस एवं समय में स्वयं या अभिभाषक अथवा अधिकृत मुख्त्यार के माध्यम से आपत्ति दो प्रति में प्रस्तुत कर सकते हैं अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भी प्रेषित कर सकते हैं.

निश्चित अवधि के उपरांत प्राप्त आपत्तियों/दावों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा.

परिशिष्ट

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम और पता एवं अचल-चल सम्पत्ति का विवरण)

ट्रस्ट का नाम	:	गेंदीबाई अग्रवाल ट्रस्ट.
कार्यालय पता	:	पुराना 9 नया 162, रानीपुरा, इंदौर, मध्यप्रदेश.
अचल सम्पत्ति	:	म्युनिसीपल म. नं. पुराना 9 नया 162, रानीपुरा, इंदौर, मध्यप्रदेश कुल क्षेत्रफल 682.47 वर्गफीट जिस पर तीन मंजिला मकान बना है. वर्तमान कीमत 32,33,000/- (अक्षरी रुपये बत्तीस लाख, तैंतीस हजार मात्र)
चल सम्पत्ति	:	रु. 711/- (अक्षरी रुपये सात सौ ग्यारह मात्र).

आज दिनांक 13 जून, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से प्रसारित किया गया.

विजय कुमार अग्रवाल,
रजिस्ट्रार.

(582-C)

न्यायालय पंजीयक, लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मन्दसौर

दिनांक 30 जून, 2014

प्र. क्र. 03/बी-113 (1)/2013-14. प्रो. 806, दिनांक 30 जून, 2014

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-5 (2) लोक न्यास नियम, 1962 नियम-5 (1)]

पंजीयक, लोक न्यास, मन्दसौर, जिला मन्दसौर के समक्ष.

''श्री बाबासा नातु स्मृति सेवा न्यास समर्पण भवन, केशव नगर, हाफिज कॉलोनी, मन्दसौर, म. प्र.''

2. चूँकि ''श्री बाबासा नातु स्मृति सेवा न्यास मन्दसौर'' द्वारा मुख्य न्यासधारी अध्यक्ष डॉ. विष्णुसेन पिता मांगीलाल कछावा, नि. 87, चारभुजा मार्ग, मल्हारगढ़, जिला मन्दसौर ने मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे न्यायालय में दिनांक 06 अगस्त, 2014 को विचार के लिए लिया जावेगा.

3. कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में आपत्ति करने या सुझाव देने का अधिकार रखता हो और इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

4. अत: मैं, जमुना भिड़े, पंजीयक, लोक न्यास, मन्दसौर, जिला मन्दसौर का लोक न्यास का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 06 अगस्त, 2014 को अधिनियम की धारा-5 की उपधारा (1) के द्वारा अपेक्षित जांच करना प्रस्तावित करता हूँ. अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासधारी उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने वाले व्यक्ति को इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से नियत पेशी दिनांक 6 अगस्त, 2014 के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करें और कोर्ट में मेरे समक्ष

उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिशः अथवा अभिभाषक के द्वारा उपस्थित होना चाहिये. उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिये ग्रहण नहीं किया जावेगा.

सम्पत्ति का विवरण :— ट्रस्ट की सभी चल-अचल सम्पत्तियां ट्रस्ट के अधिकार व आधिपत्य में होकर जिनमें स्वत्व विलेख की छाया प्रतियां संलग्न है जो निम्न प्रकार हैं.—

1. अचल सम्पत्तिः—खुला भू-खण्ड एवं भवन योजना 14/2, विकास नगर, विस्तार नीमच केंट वार्ड नं.-26, भू-खण्ड क्र.-354, जिला नीमच कीमत 40 लाख रुपये (चालीस लाख रुपये मात्र) विक्रय पत्र दिनांक 25-03-2014.

2. चल सम्पत्तिः—स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शाखा कलेक्ट्रोरेट केम्पस, मन्दसौर, बचत खाता क्र. 33647728543 में जमा राशि 10,100/- रुपये (दस हजार एक सौ रुपये) है.

लोक न्यास का नाम "श्री बाबासा नातु स्मृति सेवा न्यास समर्पण भवन, केशव नगर, हाफिज कॉलोनी, मन्दसौर, म. प्र."

जमुना भिड़े,
पंजीयक.

(563)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, अनुविभाग पुनासा, जिला खण्डवा

प्र. क्र. /बी-113(1)/2013-14. दिनांक 27 जून, 2014 को जारी

प्रारूप-चार

[मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1951 की धारा-5 (2) एवं

मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास नियम 1962, के नियम 5 (1), के अन्तर्गत]

जैसा कि आवेदक श्री त्रिलोक पटेल, निवासी ग्राम कोरगला, तहसील खण्डवा, जिला खण्डवा कार्यकारी अध्यक्ष अखिल भारतीय गुर्जर, समाज परमार्थिक न्यास, मंधाता (ओंकारेश्वर) द्वारा अखिल भारतीय गुर्जर, समाज परमार्थिक न्यास, मांधाता (ओंकारेश्वर) जिला खण्डवा ने अनुसूची में दर्शित न्यास/सम्पत्ति को सार्वजनिक न्यास के रूप में पंजीयन करने हेतु मध्यप्रदेश सार्वजनिक न्यास अधिनियम, 1951, की धारा-4 के अन्तर्गत एक आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है. एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त आवेदन-पत्र पर मेरे द्वारा न्यायालय में दिनांक 27 जुलाई, 2014 को विचार किया जायेगा.

2. उक्त ट्रस्ट के कार्य अथवा सम्पत्ति से कोई व्यक्ति यदि हित रखता हो और कोई आपत्ति या सुझाव देना चाहता हो तो वह इस विज्ञप्ति के प्रकाशन होने के एक माह के भीतर लिखित विवरण दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है और वह स्वयं अथवा अधिवक्ता/अभिकर्ता के माध्यम से मेरे समक्ष उपस्थित हो सकता है. समयावधि के समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा.

अनुसूची

सार्वजनिक न्यास का नाम एवं पता	..	अखिल भारतीय गुर्जर, समाज परमार्थिक न्यास, मांधाता (ओंकारेश्वर), तहसील मांधाता, जिला खंडवा.
चल सम्पत्ति	..	रुपये 4,41,100/- नगद, (चार लाख इकतालीस हजार एक सौ रुपये.)
अचल सम्पत्ति	..	निरंक.

पी. एल. बकावले,
अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

(564)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, पब्लिक ट्रस्ट, बरेली, जिला रायसेन

[मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट एक्ट, 1951 (30 सन् 1951) और 5 (1) मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट, 1952 के नियम-5 (1) के अन्तर्गत]

मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि अनुसूची में दिये गये सिद्ध घाट स्थान ट्रस्ट स्थित सिद्ध धाट ग्राम थाला दिघावन, तहसील उदयपुरा की जायदाद, मध्यप्रदेश निजी ट्रस्ट एक्ट, 1951 की धारा उप धारा (4) के अन्तर्गत निजी ट्रस्ट है.

अतैव मैं, ओ. पी. सोनी, पंजीयक ट्रस्ट उक्त एक्ट की धारा-5 की उपधारा (1) के अनुसार अपने न्यायालय में दिनांक 31 जुलाई, 2014 इस मामले की जाँच करना चाहता हूँ.

अत: यह सूचना दी जाती है कि निम्नांकित ट्रस्ट का कोई व्यक्ति ट्रस्ट की कार्यवाही में सदस्य या अन्य कोई व्यक्ति रुचि रखने वाला आपत्ति या सुझाव प्रकट करना चाहता है तो लिखित उत्तर दो प्रतियों में सूचना प्रकाश की एक माह की अवधि के अन्दर प्रस्तुत करें और उपरोक्त दिनांक को स्वयं या किसी अधिवक्ता या अधिकृत एजेन्ट द्वारा न्यायालय में उपस्थित हो. उपरोक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों में कोई विचार नहीं किया जावेगा.

अधिसूची

(निजी न्यास का नाम व पता और चल/अचल संपत्ति का विवरण)

निजी न्यास का नाम व पता :—श्री कृष्ण दास आयु लगभग 34 वर्ष, आ. श्री लाल बिहारी दास, निवासी सिद्ध घाट, ग्राम थाला दिघावन, तहसील उयपुरा, जिला रायसेन.

(1) कार्यकारी न्यासी एवं प्रबंधकों का विवरण—

01.	श्री कृष्णदास आ. श्री लालबिहारी दास, निवासी सिद्धघाट, ग्राम दिघावन, तह. उदयपुरा.	अध्यक्ष
02.	श्री अविनाश आ. श्री कृष्णदास जी, निवासी सिद्धघाट, ग्राम दिघावन, तह. उदयपुरा.	अध्यक्ष के निजी सहायक
03.	श्रीमति शशिप्रभा आ. श्री रामपाल सिंह राजपूत निवासी ग्राम केवट पिपरिया, तह. उदयपुरा.	उपाध्यक्ष
04.	श्री राजीव शुक्ला आ. रविशंकर शुक्ला, नि. देवरी, तहसील उदयपुरा.	सचिव
05.	श्री अजय गुप्ता आ. श्री फूलचंद गुप्ता, नि. तेन्दूखेडा, जिला नरसिंहपुर.	कोषाध्यक्ष
06.	श्री उदयप्रताप सिंह आ. राव लक्ष्मीनारायण सिंह निवासी लोलरी, राजमार्ग , जिला नरसिंहपुर.	सदस्य
07.	श्री उमाशंकर आ. विष्णुप्रसाद शर्मा, नि. ब्रम्हानगर, उदयपुरा.	सदस्य
08.	श्री राजकुमार आचार्य आ. श्री शंकर आचार्य, नि. करेली, जिला नरसिंहपुर.	सदस्य
09.	श्री नवीन अग्रवाल आ. श्री नरेन्द्र अग्रवाल, नि. कस्बा नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर.	सदस्य
10.	श्री नरेन्द्र शर्मा आ. श्री दर्शनप्रसाद शर्मा, कस्बा गाडरवाडा, जिला नरसिंहपुर.	सदस्य

1. न्यासधारी या प्रबंधक के उत्तराधिकार की नीति न्यास विलेख के अनुसार रहेगी.

2. न्यास सृजित करने वाले दस्तावेजों के ब्यौरे संलग्न दस्तावेज के अनुसार रहेंगे.

3. न्यास के संबंध में यदि कोई स्कीम हो तो उसके ब्यौरे संलग्न दस्तावेज न्यास विलेख के अनुसार रहेंगे.

(अ) अचल सम्पत्ति का विवरण—

1. कृषि भूमि स्थित ग्राम दिघावन प. ह. नं. 24/25, तहसील उदयपुरा, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश, खसरा क्र. 457 रकबा 1.06 एकड़, कुल लगान 0.87 पैसा जो वर्तमान में श्री सिद्धनाथ मंदिर, व्यवस्थापक कृष्णदास ब्रम्हचारी, ग्राम दिघावन, तहसील उदयपुरा, जिला रायसेन के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है.

2. यह कि ग्राम थाला दिघावन, तहसील उदयपुरा, जिला रायसेन, मध्यप्रदेश में निर्माणाधीन मंदिर भूमि में 50 × 70 = 3500 वर्गफिट वर्तमान अनुमानित लागत 5 लाख रुपये.

3. दादाजी की कुटी 18 × 22= 396 वर्गफिट तीन कमरे पक्का निर्माण लागत 3 लाख रुपये.

4. भवन क्र. (1) 4 कमरे पक्का निर्माण 30 × 70 = 2100 वर्गफिट अनुमानित लागत 15 लाख रुपये.

5. भवन क्र. (2) 54 × 54 = 2916 वर्गफिट अनुमानित लागत 10 लाख रुपये.

(ब) चल सम्पत्ति का विवरण—

1. लायब्रेरी : अनुमानित कीमत लगभग 50 हजार रुपये

2. 8 गाय : अनुमानित कीमत लगभग 40 हजार रुपये

3. बर्तन : अनुमानित कीमत लगभग 05 हजार रुपये

4. हवन आदि सामग्री : अनुमानित कीमत लगभग 5 हजार रुपये

कुल परिसंपत्तियों का अनुमानित मूल्य 36,00,000/- रुपये

(2) आय-व्यय का ब्यौरा एवं संचालन विधि—

1. ट्रस्ट को प्राप्त होने वाली समस्त आय, दान राशि, भेंट आदि का ब्यौरा लिखित में आय-व्यय की पंजी में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जावे.

2. प्रतिवर्ष 31 मार्च तक आय-व्यय का ब्यौरे का पत्रक सम्पूर्ण ट्रस्टियों का आहूत की गई बैठक में रखा जावेगा.

3. सुझाव एवं टिप्पणी पर विचार कर अगले वर्ष हेतु व्यय का बजट/आंकलन/प्रस्ताव यथा संभव पूर्ण जानकारी के प्रस्तुत किये जावेंगे.

4. आय राशि राष्ट्रीयकृत बैंक में अध्यक्ष तथा कोषाध्यक्ष के सम्मिलित खाते में रखी जावेगी तथा आवश्यकतानुसार व्यय की जावेगी.

न्यासी एवं प्रबंधक अवैतनिक रूप से कार्य करेंगे किन्तु न्यास के सदस्यों को कार्य यात्रा भत्ता न्यास के खाते से भुगतान किया जावेगा.

1. स्थापना एवं कर्मचारियों पर व्यय— . .

2. धार्मिक उद्देश्यों पर व्यय— . .

3. सहातार्थ व्यय—वर्तमान में लागू नहीं.

4. अन्य मदों पर व्यय—वर्तमान में लागू नहीं.

5. अन्य विवरण—न्यास की सदस्यता प्रबंध कारकों का गठन, उद्देश्य, दैनिक कार्यों की देखरेख वित्तीय कार्यों की देखरेख, पदाधिकारियों के अधिकार व कर्तव्य से संबंधित है.

उक्त प्रस्तावित न्यास के सदस्यों/प्रबंधकों के सम्बन्ध में भी यदि किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 31 जुलाई, 2014 को अथवा उसके पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकता है.

ओ. पी. सोनी,
पंजीयक एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व).

(565)

न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, खुरई, जिला सागर

प्रारूप-चार

[नियम- 5 (1) देखिए]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-5 की उप-धारा (2) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम, 1962 का नियम-5 (1) देखिये]

पंजीयक,
लोक न्यास, खुरई, जिला सागर मध्यप्रदेश के समक्ष.

चूँकि श्री कल्यानसिंह पिता श्री फूलसिंह राजपूत एवं अन्य निवासी, ग्राम रोडा, तहसील मालथौन, जिला सागर ने मध्यप्रदेश लोक न्यास

अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अधीन अनुसूची में लोक न्यास की तरह विनिर्दिष्ट की गई सम्पत्ति के पंजीयन के लिए आवेदन किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन मेरे समक्ष न्यायालय में दिनांक 12 अगस्त, 2014 को विचार के लिए लिया जावेगा.

कोई व्यक्ति जो उक्त न्यास या सम्पत्ति में हित रखता हो और उसके बारे में कोई आपत्तियां करने का सुझाव देने का विचार रखता हो, उसे इस सूचना लोक न्यास है और उसका गठन करती है.

अत: मैं, अनुविभागीय अधिकारी, खुरई, जिला सागर का लोक न्यासों का पंजीयक अपने न्यायालय में दिनांक 12 अगस्त, 2014 को उक्त अधिनियम की धारा-5 की उप-धारा (1) के द्वारा तथा अपेक्षित जांच करना प्रस्ताबित करता हूँ.

अत: एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त न्यास या सम्पत्ति का कोई न्यासधारी या कार्यकारी न्यासीगण या उसमें हित रखने वाले और किसी आपत्ति का सुझाव प्रस्तुत करने का विचार रखने वाले व्यक्ति को सूचना के प्रकाशन दिनांक के एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना और कोई मेरे समक्ष उपरोक्त दिनांक को या तो व्यक्तिश: या अभिभाषक या अभिकर्ता के द्वारा उपस्थित होना चाहिए, उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों को विचार के लिए ग्रहण नहीं किया जावेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता एवं सम्पत्ति का वर्णन)

लोक न्यास का नाम :—	श्री देव गणपति जी महाराज हाजा खैरापति एवं श्री देव हनुमान जी मंदिर सार्वजनिक न्यास रोडा, तहसील मालथौन, जिला सागर मध्यप्रदेश.
चल सम्पत्ति : —	10,000.00 रुपये
अचल सम्पत्ति :—	03.88 हैक्टर भूमि कीमत 19 लाख रुपये.

सुरेश अग्रवाल,
पंजीयक.

(566)

अन्य सूचनाएं

कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (सामान्य) वनमण्डल, बड़वानी

समस्त पशु स्वामियों एवं पशु चरवाहों को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश चराई नियम, 1986 के नियम-4 के अन्तर्गत आने वाले निम्नांकित आरक्षित वन क्षेत्रों में आने वाले वृक्षारोपण क्षेत्र दिनांक 1 जुलाई, 2014 से आगामी आदेश तक किसी भी प्रकार की चराई के लिये प्रतिबंधित घोषित किये जाते हैं. जो पशु स्वामी, चरवाहे वन क्षेत्रों में पशु/मवेशी चराते हुए पाये जावेंगे उनके विरुद्ध वन नियमों के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी:—

अ. क्र.	परिक्षेत्र	चराई से प्रतिबंधित स्थल	कक्ष क्रमांक	वर्ष	हेक्टर में
1	2	3	4	5	6
1.	पाटी	बिगड़े वनों का सुधार, सागबारा	1157	2008-09	50.00
2.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, जीवाणी	1151	-,,-	50.00
3.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रोषर	1181	-,,-	50.00
4.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, कामोद	1175	-,,-	50.00
5.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, चेरवी	1164	-,,-	50.00
6.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, सिरसपानी	1164	-,,-	50.00
7.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, गोलगांव	1173	-,,-	50.00
8.	-,,-	आदिवासी उपयोजना, बिलबारा	1173	-,,-	50.00

1	2	3	4	5	6
9.	पाटी	बिगड़े वनों का सुधार, मेढकीमाल	1169	2008-09	50.00
10.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, सिरसपानी	1169	-,,-	50.00
11.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, सागबारा	1157	-,,-	40.00
12.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मान्याखेत	1151	-,,-	50.00
13.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, सागबारा	1158	-,,-	50.00
14.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, बेडीफरतला	1181	-,,-	30.00
15.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, लेखडा	1164	-,,-	35.00
16.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मान्याखेत	1151	-,,-	65.00
17.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, लेखडा	1164	-,,-	110.00
18.	राजपुर	वृक्षारोपण राजपुर, जलगोन	1003	2008-09	45.00
19.	-,,-	वृक्षारोपण राजपुर, बोबलवाडी	1004	-,,-	55.00
20.	बोकराटा	बिगड़े वनों का सुधार, बोकराटा	1247	2009-10	20.00
21.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, हाटबावडी	1274	-,,-	20.00
22.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मोरानी	1259	-,,-	50.00
23.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रानीकाजल	1236	-,,-	40.00
24.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, पीपरकुण्ड	1219	-,,-	50.00
25.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रानीकाजल	1231	-,,-	50.00
26.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रानीकाजल	1232	-,,-	30.00
27.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, भूरवानी	1190	-,,-	50.00
28.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, देवगढ	1246	-,,-	50.00
29.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, कामोद	1175	-,,-	65.00
30.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, कामोद	1175	-,,-	75.00
31.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रोषमाल	1261	-,,-	70.00
32.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रानीकाजल	1236	-,,-	50.00
33.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रानीकाजल	1236	-,,-	100.00
34.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, भानिजकुण्ड	1261	-,,-	40.00
35.	पाटी	बिगड़े वनों में सुधार, बिलवारा	1172	2010-11	51.15
36.	-,,-	बिगड़े वनों में सुधार, मान्याखेत	1151	-,,-	45.89
37.	-,,-	बिगड़े वनों में सुधार, सागबारा	1157	-,,-	69.81

1	2	3	4	5	6
38.	पाटी	बिगड़े वनों में सुधार, मेंढकीमाल	1162	2010-11	51.76
39.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, अंजराडा/मगरपाटी	83	-,,-	20.00
40.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, कुली घोंघसा	127	-,,-	20.00
41.	-,,-	भूमि संरक्षण योजनाएं, मगरपाटी	88	-,,-	50.00
42.	राजपुर	मिश्रित रोपण, बोबलवाडी	1004	2010-11	25.00
43.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, दानौद	27	-,,-	10.00
44.	-,,-	ओंकारेश्वर निधि, कुसमरी	1003	-,,-	28.00
45.	-,,-	ओंकारेश्वर निधि, बोबलवाडी	1004	-,,-	19.00
46.	-,,-	ओंकारेश्वर निधि, ठीकरी	993	-,,-	23.00
47.	-,,-	मिश्रीत वृक्षारोपण, दानौद	1021	-,,-	30.00
48.	-,,-	मिश्रीत वृक्षारोपण, खडकी	P-329	-,,-	50.00
49.	-,,-	चारागाह विकास, उपला	31	-,,-	59.00
50.	-,,-	चारागाह विकास, मोरानी	36	-,,-	34.71
51.	-,,-	चारागाह विकास, मण्डवाडा	15	-,,-	57.32
52.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, अंजदी	1	-,,-	35.00
53.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, अंजदी	8	-,,-	50.00
54.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, अंजदी	8	-,,-	50.00
55.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, सगाईमोडी	15	-,,-	40.00
56.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, दानौद	27	-,,-	30.00
57.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, खडकी	329	-,,-	50.00
58.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, बोबलवाडी	1004	-,,-	25.00
59.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, जलगोन	1003	-,,-	45.00
60.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, बोबलवाडी	1004	-,,-	55.00
61.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, दानौद	27	-,,-	10.00
62.	-,,-	चारागाह विकास, निहाली	14	-,,-	64.00
63.	-,,-	चारागाह विकास, उपला	31	-,,-	77.49
64.	-,,-	चारागाह विकास, उपला	38	-,,-	76.96
65.	-,,-	वृक्षारोपण कार्य, बांदरकच्छ	P-321	-,,-	30.00
66.	-,,-	वृक्षारोपण कार्य, बांदरकच्छ	P-321	-,,-	45.00
67.	-,,-	वृक्षारोपण कार्य, बघाड़ी	P-322	-,,-	65.00

1	2	3	4	5	6
68.	राजपुर	वृक्षारोपण कार्य, बघाड़ी	P-323	2010-11	50.00
69.	-,,-	वृक्षारोपण कार्य, दानौद	27	-,,-	50.00
70.	-,,-	वृक्षारोपण कार्य, चकेरी	P-319	-,,-	10.39
71.	बोकराटा	बिगडे वनों में सुधार, बेडीफरतला	1178	-,,-	69.71
72.	-,,-	बिगडे वनों में सुधार, बन	1214	-,,-	49.78
73.	-,,-	बिगडे वनों में सुधार, रामगढ	1259	-,,-	37.74
74.	-,,-	बिगडे वनों में सुधार, देवगढ	1240	-,,-	47.93
75.	-,,-	बिगडे वनों में सुधार, बोरकुंड	1187	-,,-	70.80
76.	-,,-	बिगडे वनों में सुधार, मोरानी	1244	-,,-	71.43
77.	-,,-	बिगडे वनों में सुधार, झरार	1229	-,,-	54.53
78.	-,,-	बिगडे वनों में सुधार, मतरकुंड	1226	-,,-	33.91
79.	-,,-	बिगडे वनों में सुधार, हाटबावडी	1261	-,,-	58.88
80.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, गारा	269	-,,-	10.00
81.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, हरला	203	-,,-	10.00
82.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, रोसर	182	-,,-	10.00
83.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, पिपरकुंड	231	-,,-	10.00
84.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, चोकी	211	-,,-	10.00
85.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, हाटबावडी	279	-,,-	10.00
86.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, गोलपाटीवाडी	259	-,,-	10.00
87.	-,,-	उर्जावन एवं चारागाह विकास, शिवनी	226	-,,-	10.00
88.	-,,-	आर. डी. एफ., बेडीफरतला	183/2	-,,-	46.74
89.	-,,-	आर. डी. एफ., बोरकुंड	192/2	-,,-	47.75
90.	-,,-	आर. डी. एफ., मतरकुंड	231/2	-,,-	42.49
91.	-,,-	आर. डी. एफ., मोरानी	249/2	-,,-	22.50
92.	-,,-	आर. डी. एफ., रामगढ	264/2	-,,-	49.10
93.	बडवानी	उर्जावन एवं चारागाह विकास, धाबाबावडी	1039	-,,-	10.00

1	2	3	4	5	6
94.	बडवानी	उर्जावन एवं चारागाह विकास, बावनगजा	1066	2010-11	10.00
95.	-,,-	भू-जल संरक्षण, पाल्या	91	-,,-	48.34
96.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बलखड़	87	-,,-	42.53
97.	-,,-	भू-जल संरक्षण, अवल्दा	90	-,,-	57.99
98.	-,,-	चारागाह विकास, बावनगजा	72 II	-,,-	79.98
99.	-,,-	चारागाह विकास, मरदई	295 III	-,,-	51.33
100.	-,,-	चारागाह विकास, केली	284 II	-,,-	56.17
101.	-,,-	चारागाह विकास, अंबापानी	60 II	-,,-	47.61
102.	-,,-	चारागाह विकास, अतरसंभा	67	-,,-	65.86
103.	-,,-	चारागाह विकास, सजवानी	56	-,,-	56.67
104.	-,,-	चारागाह विकास, धाबाबावडी	41	-,,-	54.82
105.	-,,-	चारागाह विकास, धाबाबावडी	45	-,,-	61.21
106.	पाटी	आर. डी. एफ., बिलवारा	177/3	2011-12	60.43
107.	-,,-	आर. डी. एफ., मान्या खेत	156/2	-,,-	56.57
108.	-,,-	आर. डी. एफ., मेढकीमाल	167/2	-,,-	57.57
109.	-,,-	आर. डी. एफ., सागबारा	162/2	-,,-	51.34
110.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बोरखेडी	115	-,,-	46.91
111.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कुली	131	-,,-	60.70
112.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बोरखेडी	108	-,,-	56.05
113.	-,,-	भू-जल संरक्षण, नलती	103	-,,-	58.84
114.	-,,-	भू-जल संरक्षण, तुवरखेडा	136	-,,-	45.47
115.	-,,-	भू-जल संरक्षण, तुवरखेडा	138	-,,-	45.02
116.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कोटबांधनी	142	-,,-	41.56
117.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कोटबांधनी	144	-,,-	60.65
118.	-,,-	चारागाह विकास, लाईझापी	119	-,,-	67.66
119.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, मान्याखेत	1151	-,,-	50.00
120.	-,,-	मिश्रित वृक्षारोपण, सागबारा	1158	-,,-	50.00
121.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, अंजराडा/मगरपाटी	83	-,,-	10.00
122.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, कुली/घोंघसा	127	-,,-	20.00
123.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, गारा	269	-,,-	10.00
124.	बोकराटा	आर. डी. एफ., बन	219/2	-,,-	42.50

1	2	3	4	5	6
125.	बोकराटा	आर. डी. एफ., हाटबावड़ी	266/2	2011-12	55.02
126.	-,,-	आर. डी. एफ., झरार	234/2	-,,-	37.90
127.	-,,-	आर. डी. एफ., देवगढ	245/2	-,,-	50.33
128.	-,,-	चारागाह विकास, गारा	269	-,,-	39.81
129.	-,,-	चारागाह विकास, उबादगढ	216	-,,-	32.68
130.	-,,-	चारागाह विकास, जाई	204	-,,-	50.93
131.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, हरला	103	-,,-	10.00
132.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, गोलपाटीबाडी	259	-,,-	10.00
133.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, पोखल्या	279	-,,-	10.00
134.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, उबादगढ पूर्व	211	-,,-	10.00
135.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, पीपरकुंड	231	-,,-	10.00
136.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, उबादगढ पश्चिम	226	-,,-	10.00
137.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, बेडीफरतला	183	-,,-	36.49
138.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, बोरकुण्ड	192	-,,-	46.92
139.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, बन	219	-,,-	57.60
140.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, झरार	234	-,,-	64.75
141.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मतरकुंड	231	-,,-	55.66
142.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, देवगढ़	245	-,,-	43.77
143.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मोरानी	249	-,,-	23.73
144.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रामगढ़	264	-,,-	58.23
145.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, हाटबावडी	266	-,,-	55.00
146.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, बेडीफरतला	183	-,,-	50.31
147.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, बोरकुण्ड	220	-,,-	28.99
148.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, बन	219	-,,-	66.72
149.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, झरार	234	-,,-	49.81
150.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मतरकुण्ड	231	-,,-	74.89
151.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, देवगढ़	245	-,,-	43.73
152.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मोरानी	249	-,,-	57.22
153.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, रामगढ़	264	-,,-	41.28
154.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, हाटबावडी	266	-,,-	54.92

1	2	3	4	5	6
155.	बोकराटा	चारागाह विकास, जाई	206	2011-12	72.74
156.	-,,-	चारागाह विकास, उबादगढ़ पूर्व	216	-,,-	45.75
157.	-,,-	चारागाह विकास, रोषमाल	270	-,,-	67.82
158.	बड़वानी	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, धाबाबावडी	45	-,,-	10.00
159.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, बावनगजा	72	-,,-	10.00
160.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बलखड़	87	-,,-	72.17
161.	-,,-	भू-जल संरक्षण, अवल्दा	90	-,,-	37.71
162.	-,,-	भू-जल संरक्षण, पाल्या	91	-,,-	63.22
163.	-,,-	चारागाह विकास, गोठानिया	41	-,,-	84.41
164.	-,,-	चारागाह विकास, धाबाबावडी	45	-,,-	62.11
165.	-,,-	चारागाह विकास, सजवानी	56	-,,-	41.12
166.	-,,-	चारागाह विकास, बावनगजा	72	-,,-	102.57
167.	-,,-	चारागाह विकास, अंबापानी	60	-,,-	50.82
168.	-,,-	चारागाह विकास, अतरसंभा	67	-,,-	65.84
169.	-,,-	चारागाह विकास, केली	285	-,,-	59.43
170.	-,,-	चारागाह विकास, मरदई	296	-,,-	63.17
171.	-,,-	चारागाह विकास, लाईझापी	119	-,,-	51.03
172.	-,,-	चारागाह विकास, जाई	204	-,,-	49.47
173.	-,,-	चारागाह विकास, उबादगढ	216	-,,-	29.65
174.	-,,-	चारागाह विकास, गारा	269	-,,-	65.81
175.	-,,-	चारागाह विकास, नागलवाड़ी	36	-,,-	83.61
176.	-,,-	चारागाह विकास, खडक्यामऊ	31	-,,-	48.12
177.	-,,-	चारागाह विकास, मण्डवाडा	15	-,,-	55.39
178.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बलखड़	87	-,,-	50.79
179.	-,,-	भू-जल संरक्षण, अवल्दा	90	-,,-	40.01
180.	-,,-	भू-जल संरक्षण, पाल्या	91	-,,-	53.30
181.	-,,-	चारागाह विकास, केली	285	-,,-	32.70
			292		28.03
182.	-,,-	चारागाह विकास, मरदई	296	-,,-	18.96
			297		34.14
183.	-,,-	चारागाह विकास, धाबाबावडी	42	-,,-	44.54
184.	-,,-	चारागाह विकास, धाबाबावडी	45	-,,-	61.82

1	2	3	4	5	6
185.	बड़वानी	चारागाह विकास, सजवानी	56	2011-12	56.62
186.	-,,-	चारागाह विकास, बावनगजा	73	-,,-	76.56
187.	-,,-	चारागाह विकास, अंबापानी	60	-,,-	64.80
188.	पाटी	बिगड़े वनों का सुधार, बिलबारा	177	2012-13	68.34
189.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मान्याखेत	156	-,,-	44.98
190.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मेढकीमाल	167	-,,-	41.96
191.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, सागबारा	162	-,,-	44.02
192.	-,,-	भू-जल संरक्षण, नलती	103	-,,-	51.98
193.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बोरखेड़ी	108	-,,-	51.83
194.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बोरखेड़ी	115	-,,-	47.75
195.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कूली	131	-,,-	50.46
196.	-,,-	भू-जल संरक्षण, तुवरखेडा	136	-,,-	45.23
197.	-,,-	भू-जल संरक्षण, तुवरखेडा	138	-,,-	54.26
198.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कोटबांधनी	142	-,,-	55.85
199.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कोटबांधनी	146	-,,-	46.73
200.	-,,-	ऊर्जा वन एवं चारागाह विकास, रोसर	182	-,,-	10.00
201.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, बिलबारा	177	2013-14	57.66
202.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मान्याखेत	156	-,,-	40.98
203.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, मेढकीमाल	167	-,,-	52.56
204.	-,,-	बिगड़े वनों का सुधार, सागबारा	163	-,,-	47.04
205.	-,,-	भू-जल संरक्षण, नलती	103	-,,-	34.59
206.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बोरखेड़ी	108	-,,-	36.73
207.	-,,-	भू-जल संरक्षण, बोरखेड़ी	115	-,,-	57.39
208.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कूली	131	-,,-	58.79
209.	-,,-	भू-जल संरक्षण, तुवरखेडा	136	-,,-	50.24
210.	-,,-	भू-जल संरक्षण, तुवरखेडा	148	-,,-	58.09
211.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कोटबांधनी	138	-,,-	49.20
212.	-,,-	भू-जल संरक्षण, कोटबांधनी	146	-,,-	41.12
213.	-,,-	चारागाह विकास, अंजराड़ा	74	-,,-	59.21
214.	-,,-	चारागाह विकास, लाईझापी	119	-,,-	67.40

बृजेन्द्र झा,

वनमण्डल अधिकारी.

कार्यालय परिसमापक एवं उप-अंकेक्षक, सहकारी संस्था मर्यादित, विदिशा

विदिशा, दिनांक 21 अप्रैल, 2014

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (ग) के अन्तर्गत]

निम्नलिखित संस्थाओं को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर मुझे 70 (1) अंतर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया है :—

क्रमांक	परिसमापित संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक	परिसमापन आदेश क्रमांक एवं दिनांक
1.	वनदेवी महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित, कूल्हन	598/10-01-02	1346/29-12-2010
2.	मसर्रत आफजा महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित, सीहोरा	621/27-04-02	1346/29-12-2010
3.	हरिजन आदिवासी कामगार एवं कारीगर सहकारी संस्था मर्यादित, खजूरिया	506/30-09-94	1346/29-12-2010
4.	आदर्श कामगार सहकारी संस्था मर्यादित, इकोदा	534/23-11-95	1346/29-12-2010
5.	प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित, कुरवाई	357/31-12-90	1346/29-12-2010
6.	शान्ति महिला बहुउद्देशीय सहकारी संस्था मर्यादित, सीहोरा	619/27-04-02	1346/29-12-2010

अत: मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं नियम, 1962 के नियम-57 (ग) के अंतर्गत उक्त संस्थाओं के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्थाओं के विरुद्ध अपने समस्त दावों को इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 2 माह के अंदर मय साक्ष्य के यदि कोई हो तो मुझे कार्यालय सहायक पंजीयक (अंकेक्षण), सहकारी संस्थाएं, विदिशा में उपस्थित होकर लिखित रूप से सप्रमाण प्रस्तुत करें. त्रुटि की दशा में किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने के लिये संबंधित दावेदार स्वयं दायित्वाधीन होंगे. यदि 2 माह की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा मान्य नहीं किया जावेगा तथा संस्था की लेखा पुस्तकों में संबद्ध लेखाबद्ध दायित्व मुझे स्वमेव प्रस्तुत किये गये समझे जायेंगे.

आज दिनांक 31 दिसम्बर, 2012 को मेरे हस्ताक्षर कार्यालयीन मुद्रा से आदेश जारी किया गया.

अनिल कुमार सक्सैना,
परिसमापक एवं उप-अंकेक्षक.

(568)

कार्यालय परिसमापक एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी, लटेरी, जिला विदिशा

लटेरी, दिनांक 09 जून, 2014

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी नियम, 1962 के नियम 57 (ग) के अन्तर्गत]

निम्नलिखित संस्था को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत परिसमापन में लाया जाकर मुझे 70 (1) के अंतर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया है :—

क्रमांक	परिसमापित संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक	परिसमापन आदेश क्रमांक एवं दिनांक
1.	आदर्श मत्स्योद्योग सहकारी संस्था मर्यादित, रूसिया	डी.आर./व्ही.डी.एस./725 23-03-2007	394/17-04-2014

अत: मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं नियम, 1962 के नियम-57 (ग) के अंतर्गत उक्त संस्थाओं के समस्त दावेदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि संस्था के विरुद्ध अपने समस्त दावों को इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 60 दिवस के अंदर मय साक्ष्य के यदि कोई हो तो मुझे कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, विदिशा में उपस्थित होकर लिखित रूप से सप्रमाण प्रस्तुत करें. त्रुटि की दशा में किसी भी लाभ के बंटवारे से वंचित होने के लिये संबंधित दावेदार स्वयं दायित्वाधीन होंगे. यदि 60 दिवस की अवधि में किसी दावेदार ने कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया तो बाद में उसका दावा मान्य नहीं किया जावेगा तथा संस्था की लेखा पुस्तकों में संबद्ध लेखाबद्ध दायित्व मुझे स्वमेव प्रस्तुत किये गये समझे जायेंगे.

यह सूचना आज दिनांक 9 जून, 2014 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

अरविंद रघुवंशी,
परिसमापक एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी.

(569)

कार्यालय संयुक्त पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, उज्जैन संभाग, उज्जैन

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18-ए/क (1) के परन्तुक के तहत]

प्रति,

प्राधिकृत अधिकारी संस्था/प्रवर्तक सदस्य
एवं सदस्यगण, समस्त
संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया, जिला उज्जैन.

द्वारा— उपायुक्त, सहकारिता जिला उज्जैन.

उपरोक्त विषयांतर्गत संजय ग्राम विपणन सहकारी संस्था मर्या., घट्टिया, जिला उज्जैन (पंजीयन क्रमांक/डी.आर.यू.जे.एन./1736, दिनांक 08 दिसम्बर, 2009) के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, खंडपीठ इंदौर में दायर रिट पिटीशन क्रमांक 538/2013 में जारी आदेश दिनांक 16 दिसम्बर, 2013 के परिपालन में प्रकरण की जाँच आयुक्त सहकारिता के निर्देशानुसार श्री बी. एस. वास्केल, संयुक्त आयुक्त मुख्यालय भोपाल द्वारा की गई जाँच अधिकारी द्वारा जाँच प्रतिवेदन मुख्यालय को प्रस्तुत किया जाकर प्रतिवेदन मुख्यालय के पत्र क्रमांक/विप./विसस/2014/742, दिनांक 06 मई, 2014 से इस कार्यालय को प्रेषित किया जाकर संस्था के विरुद्ध मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 18 ए/क के अंतर्गत कार्यवाही के निर्देश दिये गये. तत्संबंध में उपायुक्त सहकारिता, जिला उज्जैन से अधिनियम की धारा-18 ए/क (1) का प्रस्ताव संस्था के पंजीयन से संबंधित नस्ती एवं अन्य दस्तावेज सहित चाहा गया. उपायुक्त सहकारिता, जिला उज्जैन द्वारा उक्त विषयक प्रस्ताव एवं नस्ती अपने पत्र क्रमांक/पंजीयन/2014/1402, दिनांक 20 जून, 2014 से इस कार्यालय को प्रेषित की गई. जाँच प्रतिवेदन अनुसार संस्था द्वारा आयुक्त, सहकारिता एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, म. प्र. भोपाल के परिपत्र क्रमांक/3719, दिनांक 29 नवम्बर, 1990 की कंडिका क्रमांक 2, 2, 6 एवं 11 का स्पष्ट उल्लंघन किया जाने से एवं संस्था की अवैध पंजीयन की शिकायत में जाँच अधिकारी द्वारा 44 प्रवर्तक सदस्यों को पंजीयन के समय विभिन्न आधारों पर उनकी सदस्यता वैधानिक होना नहीं बतलाया है तथा पंजीयन प्रस्ताव के अ एवं ब पत्रक में भी फेरबदल करना पाया गया है. 44 सदस्यों की सदस्यता समाप्त की गई है तथा अन्य 18 सदस्यों की सदस्यता भी उनके आवेदन अनुसार समाप्त की गई है. प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख है कि पूर्व जाँच अधिकारी श्री परिहार द्वारा 44 सदस्यों की सदस्यता अवैध बताई गई है और संस्था के शेष सदस्यों की वैधता के संबंध में भी जाँच अधिकारी द्वारा शंका जाहिर की गई है. इससे स्पष्ट है कि संस्था के प्रवर्तक सदस्यों द्वारा दुर्व्यपदेशन कर संस्था का पंजीयन कराया गया है.

मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 18 ए/क (1) के प्रावधान अनुसार ''यदि रजिस्ट्रार का यह समाधान हो जाता है कि कोई सोसायटी उसके आवेदकों द्वारा दुर्व्यपदेशन के आधार पर रजिस्ट्रीकृत कर दी गई है या जहाँ सोसायटी का कार्य पूर्ण हो चुका है या जिन प्रयोजनों के लिये सोसायटी रजिस्ट्रीकृत की गई है, उनकी पूर्ति नहीं हो रही है या उस सोसायटी ने जो सहकारी बैंक या विकास बैंक से भिन्न हो, शब्द ''बैंक'' ''बैंकर'' ''बैंकिंग'' और शब्द ''बैंक'' की कोई अन्य व्युत्पत्ति का प्रयोग किया है, तो वह उसके प्रमुख सम्प्रवर्तक, संचालक मंडल और सोसायटी के सदस्यों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात सोसायटी का रजिस्ट्रीकरण समाप्त कर सकेगा.

